प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 25.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिन की यात्रा पर मालदीव पहुँचेंगे।
- राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिये डिजिटल हेल्थ फाउंडेशन कोर्स शुरू किया जायेगा।
- करगिल विजय दिवस की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित।
- मौसम विभाग का आज सात जिलों में बारिश का येलो अलर्ट।

000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिन की यात्रा पर मालदीव पहुँचेंगे। मालदीव में भारत के उच्चायुक्त जी.बालासुब्रमण्यन ने कहा कि दोनों देश 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी' के लिए भारत–मालदीव संयुक्त दृष्टिकोण के कार्यान्वयन में प्रगति का जायजा लेंगे। उन्होंने कहा कि भारत, मालदीव की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण भागीदार रहा है। इससे पहले **श्री मोदी** ने इंग्लैंड के सैंड्रिंघम एस्टेट में ब्रिटेन के नरेश किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की। बातचीत में द्विपक्षीय मुद्दों और भारत–ब्रिटेन संबंधों में प्रगति पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने किंग चार्ल्स को एक पौधा भी भेंट किया जिसे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शरद ऋतु में सैंड्रिंघम एस्टेट में लगाया जाएगा।

00000

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में जल्द ही डिजिटल हेल्थ फाउंडेशन कोर्स शुरू किया जायेगा। इसके लिए कल विश्वविद्यालय और मुम्बई के एक फाउंडेशन के बीच एमओयू किया गया। जयपुर में चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की उपस्थिति में ये एमओयू किया गया। डिजिटल हेल्थ कोर्स से अस्पतालों में कार्य क्षमता में बढोतरी होगी और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आ सकेगा। इससे हेल्थ रेकार्ड का डिजिटली संधारण होने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में आर्टिफिशिल इंटेलीजेंस को बढ़ावा मिलेगा।

.....

0000

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कल डीग जिले के नगर विधानसभा क्षेत्र में 17 सड़क मार्गो का शिलान्यास किया। लगभग 29 किलोमीटर लम्बी इन सड़कों के शिलान्यास के बाद उन्होंने कहा कि इन सडको के निर्माण से यातायत सुविधा बेहतर होगी। साथ ही, औद्योगिक विकास तथा पर्यटन के क्षेत्र में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में 18 और सड़कों का उपहार इस विधानसभा क्षेत्र को दिया जायेगा।

......

0000

उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने कहा है कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत समूचे प्रदेश में पौध रोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे इस अभियान में प्रदेशवासी बढचढकर भाग ले रहे हैं। श्री बैरवा ने जैसलमेर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सभी लोगों से अभियान को सफल बनाने की अपील की।

....

000

करगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कडी में कल राज्य विधान सभा में समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने 21 वीरांगनाओं को सम्मानित किया। उन्होंने विधान सभा परिसर में बनायी गई करगिल शौर्य वाटिका का उद्घाटन किया। श्री देवनानी ने कहा कि यह वाटिका हर जनप्रतिनिधि को याद दिलाएगी कि वीर शहीदों के कारण ही राष्ट्र और संविधान की रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा में अपने परिजनों को समर्पित करने वाली

वीरांगनाएं समाज के लिए हाडी रानी है। इनका सम्मान करने का दायित्व सभी को मिलकर निभाना चाहिए। इस अवसर पर राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रियों और विधायकों ने एक हजार एक सौ पौधे लगाये। बाडमेर के जसाई में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया।

00000

हनुमानगढ के किसान परम्परागत खेती से आगे बढते हुए सालभर में तीन फसल उगाकर मुनाफा कमा रहे है। जिले के घग्घर क्षेत्र के किसान अब आलू, मक्का और धान की खेती एक ही साल में कर अच्छी उपज ले रहे है। हमारी संवाददाता ने बताया कि इससे सालभर मंडियों में विभिन्न फसलों की लगातार आवक होती रहती हैं।

.....

0000

प्रदेश मे मॉनसून की सक्रियता से विभिन्न स्थानों पर बारिश की गतिविधियां जारी है। पिछले 24 घंटों में कहीं हल्की तो कुछ स्थानों पर मध्यम बरसात हुई। पाली के घाणेराव में रिमझिम बरसात का सिलसिला आज तीसरे दिन भी जारी है। मौसम विभाग ने आज सात जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, बारां और दौसा शामिल है। इन स्थानों पर कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। अच्छी बारिश से जलस्त्रोतों में पानी की आवक बनी हुई है। बीसलपुर बांध के लबालब होने के बाद कल इसका एक गेट खोलकर 6 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की गयी। निकासी की शुरुआत से पहले बनास नदी किनारे बसे 68 गांवों में अलर्ट जारी कर सायरन और मुनादी के माध्यम से चेतावनी दी गई। इस अवसर पर विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने वैदिक विधियों से पूजा–अर्चना कर जलनिकासी प्रक्रिया की शुरुआत की। बीसलपुर से छोड़ा गया पानी लगभग 90 किलोमीटर दूर स्थित ईसरदा बांध में जाएगा। ईसरदा बांध में 30 जुलाई से जल संग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उधर सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां बनास नदी में बीसलपुर से छोडे जा रहे पानी की आवक को देखते हुए नदी किनारे बसे गावो को अलर्ट किया गया है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिये लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। ये इस रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। श्रोताओं द्वारा इसके लिए सुझाव भेजने का आज अंतिम दिन है। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

00000